
अध्याय

9

# सांख्यिकीय विधियों के उपयोग



© NCERT not to be republished

**इस अध्याय को पढ़ने के बाद आप इस योग्य होंगे कि:**

- *किसी परियोजना के निर्माण के चरणों से परिचित हो सकें;*
- *किसी समस्या के विश्लेषण के लिए विविध सांख्यिकीय विधियों के प्रयोग सीख सकें।*

## 1. प्रस्तावना

आपने विविध प्रकार की सांख्यिकीय विधियों के बारे में पढ़ा है। ये विधियाँ हमारे दैनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण होती हैं और साथ ही आर्थिक गतिविधियों जैसे उत्पादन, उपभोग, वितरण, बैंकिंग, बीमा, व्यापार एवं परिवहन आदि से संबंधित आँकड़ों के विश्लेषण में उपयोगी होती हैं। इस अध्याय में, आप किसी परियोजना को तैयार करने की विधि के बारे में जानेंगे। इससे आप यह समझ सकेंगे कि किस प्रकार सांख्यिकीय विधियों को विभिन्न प्रकार के विश्लेषणों में प्रयुक्त किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, आप उपभोक्ताओं से किसी उत्पाद के बारे में या बाजार में किसी उत्पादक द्वारा शुरू किये गए किसी नए उत्पाद या सेवा के बारे में या विद्यालयों में सूचना-तकनीक के प्रसार के बारे में या ऐसा ही कोई और विश्लेषण कर सकते हैं। सर्वेक्षण द्वारा किसी उत्पाद या प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए सूचनाएँ एकत्र कर रिपोर्ट तैयार करने में सहायता मिलती है।

### परियोजना के चरण

*अध्ययन के क्षेत्र या समस्या को पहचानना*

सबसे पहले आपको इस बारे में बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि आपके अध्ययन का उद्देश्य क्या है। अपने उद्देश्य के आधार पर आप आँकड़ों के संग्रह एवं संसाधन की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उदाहरण के लिए,

कार, मोबाइल-फोन, जूता-पॉलिश, नहाने के साबुन या कपड़ा धोने के पाउडर आदि किसी भी उत्पाद का उत्पादन या बिक्री आपके अध्ययन का क्षेत्र हो सकता है। आप संभवतः किसी क्षेत्र विशेष के निवासियों की बिजली या पानी की समस्या का हल निकालना चाहते हों। आप परिवारों के बीच उपभोक्ता जागरूकता अर्थात् 'उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता' के बारे में अध्ययन करना चाह सकते हैं।

*लक्ष्य समूह का चुनाव*

अध्ययन के लिए उपयुक्त प्रश्नों की एक प्रश्नावली बनाने के लिए लक्षित समूह का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है। यदि आप की परियोजना कार से संबंधित है, तब आपका लक्ष्य-समूह मुख्यतः मध्यम आय वर्ग या उच्च आय वर्ग होगा। उपभोक्ता उत्पाद, जैसे साबुन, आदि से जुड़े अध्ययन के लिए, आपको ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ताओं को अपना लक्ष्य बनाना होगा। सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता के अध्ययन हेतु आप ग्रामीण एवं शहरी जनता-दोनों को ही अपना लक्ष्य बना सकते हैं। इसलिए, लक्षित समूह का चुनाव, अर्थात् उस समूह की पहचान करना जिस पर आपको ध्यान केंद्रित करना है, किसी भी परियोजना की रिपोर्ट तैयार करने के क्रम में बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है।

*आँकड़ों का संकलन*

सर्वेक्षण का उद्देश्य यह तय करने में सहायक होगा कि प्राथमिक आँकड़ों का उपयोग किया जाए या द्वितीयक आँकड़ों का या दोनों का। आप अध्याय 2 में पढ़ ही चुके हैं कि पहली बार आँकड़ों का संग्रह प्राथमिक विधि के उपयोग द्वारा किया जा सकता है, जिसके लिए किसी प्रश्नावली या साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग कर व्यक्तिगत साक्षात्कार, डाक सर्वेक्षण, फोन, ई-मेल आदि के द्वारा आँकड़ें संगृहीत किए जा सकते हैं। डाक प्रश्नावली के साथ एक आवरण-पत्र भी भेजा जाना चाहिए, जो पूछ-ताछ के उद्देश्य का विवरण देता हो। लक्ष्य समूह का आकार एवं विशेषता आपके उद्देश्य पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, महिला साक्षरता या विशेष प्रकार के ब्रांड के साबुन की खपत से संबंधित सर्वेक्षण के लिए आपको प्रत्येक परिवार या घर से जानकारी लेनी होगी।

द्वितीयक आँकड़े प्रकाशित या अप्रकाशित स्रोतों (किसी संगठन के निजी संग्रह द्वारा) के माध्यम से सूचनाएँ उपलब्ध करा सकते हैं, यदि ये आपकी आवश्यकताओं के अनुकूल हों। द्वितीयक स्रोत के आँकड़ों का प्रयोग प्रायः तब किया जाता है, जब समय, धन, एवं मानव-संसाधन की कमी हो या सूचनाएँ आसानी से उपलब्ध हों। यदि आँकड़े संकलन के लिए प्रतिदर्श विधि का उपयोग किया गया है, तो इसका ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह उपयुक्त है या नहीं।

*आँकड़ों का संगठन एवं प्रस्तुतीकरण*

आँकड़ा-संग्रह के बाद, प्राप्त सूचनाओं को संसाधित करने की जरूरत होती है, जिसे सारणीयन एवं उपयुक्त आरेखों, जैसे दंड-आरेख, वृत्त-आरेख आदि द्वारा संगठित एवं प्रस्तुत किया जा सकता है, जिसके बारे में आप अध्याय 3 एवं 4 में पढ़ चुके हैं।

*विश्लेषण एवं व्याख्या*

केंद्रीय प्रवृत्ति की माप (जैसे-माध्य), परिक्षेपण के माप (जैसे मानक विचलन) और सहसंबंध आपको औसत, प्रसरणशीलता तथा सहसंबंधों (यदि ये विद्यमान

© NCERT not to be republished

हैं) के परिकलन के योग्य बनाएँगे। आप इन सभी मापों के बारे में अध्याय 5, 6 एवं 7 में जानकारी प्राप्त कर चुके हैं।

*उपसंहार*

आखिरी चरण में विश्लेषण के बाद परिणामों की व्याख्या करनी होगी। यदि संभव हो तो विकास तथा सरकारी नीतियों आदि के विषय में संकलित आँकड़ों के आधार पर **भावी परिदृश्य** के पूर्वानुमान लगाने तथा सुझाव देने का प्रयास करें।

*ग्रंथ सूची*

इस अनुभाग में, आपको उन सभी द्वितीयक स्रोतों जैसे पत्रिकाओं, समाचार-पत्रों, शोध रिपोर्टों आदि के बारे में विवरण देने की जरूरत होती है, जिनका प्रयोग आपने परियोजना बनाते समय किया था।

## 2. परियोजनाओं की प्रस्तावित सूची

यहाँ पर उदाहरण हेतु कुछ परियोजनाओं का सुझाव दिया जा रहा है। आप इनमें से कोई भी शीर्षक/विषय-वस्तु चुन सकते हैं, जो आर्थिक मुद्दों से संबद्ध हो।

1. स्वयं को ऐसे परिवहन मंत्री का सलाहकार मानकर, जिसका उद्देश्य बेहतर एवं समन्वित परिवहन व्यवस्था को लाने का है, एक परियोजना रिपोर्ट तैयार कीजिए।
2. आप शायद किसी ग्रामीण कुटीर उद्योग में कार्यरत हों, जो धूप, अगरबत्ती, मोमबत्ती तथा जूट उत्पाद बनाने वाला हो सकता है। अब आप अपना स्वयं का काम शुरू करना चाहते हैं। बैंक द्वारा ऋण पाने के लिए एक परियोजना प्रस्ताव तैयार करें।
3. मान लीजिए आप एक कंपनी में बाजार-प्रबंधक हैं और हाल ही में आपने अपनी कंपनी के एक उपभोक्ता उत्पाद का विज्ञापन दिया है। अपने उत्पाद की बिक्री पर विज्ञापन के प्रभाव के विषय में परियोजना रिपोर्ट तैयार करें।
4. आप एक जिला शिक्षा अधिकारी हैं, जो अपने जिले में साक्षरता स्तर का मूल्यांकन तथा बच्चों के विद्यालय से पढ़ाई छोड़ने का कारण जानना चाहता है। एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।
5. मान लीजिए, आप एक क्षेत्र विशेष में सतर्कता-अधिकारी के रूप में नियुक्त हैं और आपको विक्रेताओं द्वारा सामानों की अधिक कीमत लेने की शिकायत मिलती है, अर्थात् अधिकतम खुदरा कीमत से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत। आप कुछ दुकानों का दौरा करें और शिकायत के संबंध में एक रिपोर्ट तैयार करें।
6. मान लें कि आप किसी ग्राम के मुखिया (ग्राम-पंचायत के प्रधान) हैं, जो मूलभूत संसाधन, जैसे लोगों के लिए सुरक्षित पेयजल, उपलब्ध कराना चाहते हैं। आप संबद्ध मुद्दों को एक रिपोर्ट के रूप में प्रस्तुत करें।
7. स्थानीय सरकार के प्रतिनिधि के रूप में, आप अपने क्षेत्र की विभिन्न रोजगार-योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी का मूल्यांकन करना चाहते हैं। एक परियोजना-रिपोर्ट तैयार करें।
8. आप एक ग्राम-विकास खंड के मुख्य चिकित्सा-अधिकारी हैं। परियोजना के माध्यम से संबद्ध मुद्दों की पहचान करें। इसमें उस क्षेत्र की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी समस्याएँ शामिल की जा सकती हैं।
9. खाद्य एवं नागरिक-पूर्ति विभाग के मुख्य निरीक्षक होने के नाते, आपको अपने कार्य क्षेत्र में खाद्य

© NCERT not to be republished

मिलावट के बारे में शिकायत मिली है। समस्या की गंभीरता जानने के लिए एक सर्वेक्षण कीजिए।

10. किसी क्षेत्र विशेष में पोलियो प्रतिरक्षा कार्यक्रम पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।
11. आप एक बैंक अधिकारी हैं। आप लोगों की आय एवं व्यय को ध्यान में रखते हुए उनकी बचत संबंधी आदतों के बारे में एक सर्वेक्षण करना चाहते हैं। एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।
12. मान लीजिए आप किसी छात्र समूह का एक अंग हैं, जो किसी गाँव में किसानों की कृषि-गतिविधियों एवं कठिनाइयों का अध्ययन करना चाहता है। एक परियोजना रिपोर्ट बनाएँ।

## 3. प्रतिदर्श परियोजना

आपके मार्गदर्शन के लिए एक प्रतिदर्श परियोजना दी जा रही है। अध्ययन के विषय के अनुसार प्रश्नों में भिन्नता हो सकती है।

आप एक युवा उद्यमी हैं, जो एक खुदरा दुकान स्थापित करना चाहते हैं तथा बिक्री के लिए विभिन्न ब्रांडों के टूथपेस्ट चुनना चाहते हैं। प्राथमिक स्रोत द्वारा आँकड़ों का संग्रह कर टूथपेस्ट के लिए एक प्रतिदर्श परियोजना तैयार की जा सकती है।

आप संबंधित व्यक्ति या पार्टी को आश्वस्त करते हुए शुरुआत कर सकते हैं कि अपेक्षित सूचनाएँ सर्वेक्षण के उद्देश्य के लिए हैं, न कि किसी अन्य उद्देश्य के लिए। यह कार्य एक आवरण-पत्र के द्वारा किया जाता है। सभी सूचनाओं को गोपनीय रखा जाएगा।

## आँकड़ों का विश्लेषण एवं निर्वचन

संपूर्ण सूचनाएँ संगृहीत करने के पश्चात्, अब आपको (बिक्री हेतु) टूथपेस्ट के ब्रांडों को चुनने के लिए आँकड़ों को संगठित एवं वर्गीकृत करना होगा। नीचे




आपके संदर्भ के लिए काल्पनिक आँकड़े दिए गए हैं, जहाँ आप सांख्यिकीय विधियों जैसे दंड-आरेख, वृत्त-आरेख, माध्य तथा मानक विचलन आदि का उपयोग करेंगे।

### 1. *क्षेत्र वितरण*

| | |
|---|---|
| *शहरी प्रयोक्ता* | *67%* |
| *ग्रामीण प्रयोक्ता* | *33%* |

**प्रेक्षण:** अधिकांश प्रयोक्ता शहरी क्षेत्र से थे।

### 2. *आयु वितरण*

| *आयु (वर्षों में)* | *व्यक्तियों की संख्या* |
|---|---|
| 10 वर्ष से कम | 74 |
| 10−20 | 56 |
| 20−30 | 91 |
| 30−40 | 146 |
| 40−50 | 93 |
| 50 से अधिक | 40 |
| *योग* | *500* |

© NCERT not to be republished

## अभ्यास

1. नाम
2. आयु (वर्षों में) — व्यक्तियों की संख्या
   (क) 10 सेमी से कम ☐
   (ख) 10–20 ☐
   (ग) 20–30 ☐
   (घ) 30–40 ☐
   (ङ) 40–50 ☐
   (च) 50 से अधिक ☐
3. लिंग: पुरुष/स्त्री ☐
4. परिवार में व्यक्तियों की संख्या
   (क) 1–2 ☐
   (ख) 3–4 ☐
   (ग) 5–6 ☐
   (घ) 6 से अधिक ☐
5. परिवार में कमाने वाले सदस्यों की संख्या कितनी है? ☐
6. मासिक पारिवारिक आय
   (क) 10,000 से कम ☐
   (ख) 10,000–20,000 ☐
   (ग) 20,000–30,000 ☐
   (घ) 30,000 से अधिक ☐
7. निवासी: शहरी/ग्रामीण क्षेत्र ☐
8. प्रमुख अर्जक (रोटी कमाऊ) सदस्य का मुख्य व्यवसाय:
   (क) सेवा (नौकरी-पेशा) ☐
   (ख) व्यावसायिक ☐
   (ग) विनिर्माता ☐
   (घ) व्यापारी ☐
   (ड्) अन्य (कृपया बताएँ) ☐
9. अपने दाँतों की सफाई के लिए क्या इस्तेमाल करते हैं?
   (क) टूथपेस्ट ☐
   (ख) टूथ पाउडर ☐
   (ग) अन्य ☐
10. आप किस ब्रांड के टूथपेस्ट का प्रयोग करते है?
    (क) एक्वाफ्रेश ☐ (ख) एंकर ☐
    (ग) सिबाका ☐ (घ) बबूल ☐

© NCERT not to be republished

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (ङ) | क्लोज़अप | ☐ | (च) | प्रॉमिस | ☐ |
| (छ) | कॉलगेट | ☐ | (ज) | फोरहेंस | ☐ |
| (झ) | मेसवाक | ☐ | (ण) | टी ट्री ऑयल एवं नीम | ☐ |
| (ट) | पेप्सोडेंट | ☐ | (ठ) | ओरल बी | ☐ |
| (ड) | पर्ल 32 | ☐ | (ढ) | टू डेंट | ☐ |
| (ञ) | होम्योडेंट | ☐ | (त) | सेंसोडाइन | ☐ |
| (थ) | कोई अन्य | ☐ | | | |


11. प्रत्येक 100 ग्राम टूथपेस्ट के पैक के लिए चुकाई गई कीमतः ☐
12. क्या आपको उत्पाद (टूथपेस्ट) महँगा लगता है? हाँ/नहीं
13. क्या आप टूथपेस्ट की विनिर्माण एवं समाप्ति की तारीखें देखते हैं? हाँ/नहीं
14. क्या आप मानक चिह्न (जैसे, आई.एस.आई.) देखते हैं? हाँ/नहीं
15. क्या आप उसमें प्रयुक्त संघटकों (सामग्रियों) की जाँच करते हैं? हाँ/नहीं
16. क्या आप उत्पाद की गुणवत्ता से संतुष्ट हैं? हाँ/नहीं
17. यदि संतुष्ट नहीं हैं, तो क्या आप दुकानदार से शिकायत करते हैं? हाँ/नहीं
18. क्या आपकी शिकायत समय पर सुनी गई? हाँ/नहीं
19. उत्पाद से असंतुष्ट होने पर, क्या आप कभी उपभोक्ता अदालत में गए हैं? हाँ/नहीं
20. क्या आपकी शिकायत संतोषजनक रूप से पूरी की गई? हाँ/नहीं
21. आपको उत्पाद के बारे में जानकारी कहाँ से प्राप्त हुईः

| *विज्ञापन* | *प्रभावित परिवार* |
|---|---|
| टेलीविजन | ☐ |
| समाचार-पत्र | ☐ |
| पत्रिका | ☐ |
| सिनेमा | ☐ |
| बिक्री प्रतिनिधि | ☐ |
| प्रदर्शनी-स्टॉल | ☐ |
| रेडियो | ☐ |

22. क्या आपको उत्पाद का विज्ञापन आकर्षक लगा? हाँ/नहीं
23. क्या आप विक्रय-प्रोत्साहक प्रस्तावों से आकर्षित हुए जैसे, छूट, मुफ्त टूथब्रश, एक के साथ एक मुफ्त, आदि? हाँ/नहीं
24. क्या किसी विशेष टूथपेस्ट को खरीदने के लिए बच्चे दबाव डालते हैं? हाँ/नहीं
25. यदि बाज़ार में कोई नया टूथपेस्ट आता है तो क्या आप उसे खरीदेंगे? यदि हाँ, तब किन बातों पर ध्यान देते हुए, कृपया बताएँ। हाँ/नहीं

.................

© NCERT not to be republished





चित्र 9.1 *दंड-आरेख*

**प्रेक्षण:** सर्वेक्षण किए गए बहुसंख्यक लोग 20-50 आयु-वर्ग से थे।

### 3. *परिवार का आकार*

| *परिवार के आकार* | *परिवारों की संख्या* |
|---|---|
| 1–2 | 20 |
| 3–4 | 40 |
| 5–6 | 30 |
| 6 से अधिक | 10 |
| *योग* | *100* |





चित्र 9.2 *दंड-आरेख*

**प्रेक्षण:** सर्वेक्षण किए गए अधिकांश परिवारों में 3-6 सदस्य थे।


### 4. *परिवार की मासिक आय प्रस्थिति*

| *आय* | *परिवारों की संख्या* |
|---|---|
| 10,000 से कम | 20 |
| 10,000–20,000 | 40 |
| 20,000–30,000 | 30 |
| 30,000 से अधिक | 10 |

दंड-आरेख तथा आयत चित्र क्रमश: परिवारों की आय का स्तर दिखा रहे हैं।




चित्र 9.3 *दंड-आरेख*





चित्र 9.4 *आयत-चित्र*

**प्रेक्षण:** सर्वेक्षण किए गए अधिकतर परिवारों की मासिक आय 10,000 से 30,000 के बीच थी।

### 5. *प्रसाधन संबंधी मासिक पारिवारिक बजट*

| मदें | व्यय (रुपये में) |
|---|---|
| टूथपेस्ट | 60 |
| साबुन | 45 |
| शैंपू | 140 |
| शेविंग क्रीम | 25 |

© NCERT not to be republished





**चित्र 9.5** *वृत्त-चित्र*

**प्रेक्षणः** टूथपेस्ट परिवार के प्रसाधन सामग्री बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## 6. *प्रमुख व्यावसायिक प्रस्थिति*

| *परिवार का व्यवसाय* | *परिवारों की संख्या* |
|---|---|
| सेवा (नौकरी-पेशा) | 30 |
| व्यावसायिक | 5 |
| विनिर्माता | 10 |
| व्यापारी | 40 |
| अन्य (कृपया बताएँ) | 15 |




**चित्र 9.6** *वृत्त दंड-आरेख*

**प्रेक्षणः** सर्वेक्षण किए गए परिवारों में से अधिकांश सेवा-वर्ग या व्यापारी वर्ग के थे।

## 7. *प्रयोग किए जाने वाले टूथपेस्ट (प्राथमिकता के क्रम से)*

| *ब्रांड* | *इकाई* | *ब्रांड* | *इकाई* |
|---|---|---|---|
| एक्वाफ्रेश | 5 | एंकर | 5 |
| सिबाका | 10 | बबूल | 2 |
| क्लोज़अप | 15 | प्रोमिस | 10 |
| कोलगेट | 20 | फोरहेंस | 0 |
| मेसवाक | 5 | टी ट्री आयॅल व नीम | 8 |
| पेप्सोडेंट | 25 | ओरल बी | 11 |
| पर्ल 32 | 4 | टूडेंट | 10 |
| होम्योडेंट | 6 | संसोडाइन | 8 |
| अन्य | 0 | | |

**प्रेक्षणः** पेप्सोडेंट, कोलगेट, क्लोज़अप अधिक पसंद किए जाने वाले टूथपेस्ट थे।

## 8. *टूथपेस्ट की कीमत*

| *100 ग्राम पैक के टूथपेस्ट की कीमत (रुपये में)* | *परिवारों की संख्या* |
|---|---|
| 20–25 | 20 |
| 25–30 | 40 |
| 30–35 | 30 |
| 35–40 | 10 |
| योग | *100* |

उपर्युक्त सूचना के आधार पर माध्य एवं परिक्षेपण का परिकलन कीजिए।

माध्य का परिकलन

| 100 ग्राम पैक के टूथपेस्ट का मूल्य *(रुपये में)* | परिवारों की संख्या f | मध्य बिंदु $m$ | $fm$ |
|---|---|---|---|
| 20–25 | 20 | 22.5 | 450 |
| 25–30 | 40 | 27.5 | 1100 |
| 30–35 | 30 | 32.5 | 975 |
| 35–40 | 10 | 37.5 | 375 |
| *योग* | *100* | | *2900* |

© NCERT not to be republished

$$\overline{X}=\frac{\Sigma fm}{\Sigma f}=\frac{2900}{100}=29$$

**प्रेक्षण:** सभी ब्रांडों के टूथपेस्ट का औसत मूल्य 29 रुपये है।

अन्य सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग

| 100 ग्रा० पैक के टूथपेस्ट का मूल्य (रु में) | परिवारों की संख्या *f* | मध्य बिंदु *m* | d'= (m-1) /5 | fd' | fd'² |
|---|---|---|---|---|---|
| 20–25 | 20 | 22.5 | –1 | –20 | 20 |
| 25–30 | 40 | 27.5 | 0 | 0 | 0 |
| 30–35 | 30 | 32.5 | 1 | 30 | 30 |
| 35–40 | 10 | 37.5 | 2 | 20 | 40 |
| *योग* | *100* | | | *30* | *90* |

मानक-विचलन के सूत्र का प्रयोग करने पर,

$$\sigma=\sqrt{\frac{\Sigma fd'^{2}}{N}-\left(\frac{\Sigma fd'}{N}\right)^{2}}\times C$$

$$\sqrt{\frac{90}{100}-\left(\frac{30}{100}\right)^{2}}\times 5$$

$$\sqrt{0.9-0.09}\times 5=\sqrt{0.81}\times 5=4.5$$

**प्रेक्षण:** अधिकतर टूथपेस्टों की कीमत 25-35 रु के बीच थी।

### 9. ***चयन का आधार***

| *विशेषताएँ* | *परिवार के सदस्य* |
|---|---|
| विज्ञापन पसंद | 15 |
| दाँतों के डॉक्टर से प्रेरित | 5 |
| कीमत | 35 |
| गुणवत्ता | 45 |
| स्वाद | 20 |
| सामग्री/संघटक | 10 |
| मानकता चिह्न | 50 |
| नए उत्पाद को आजमाना | 10 |
| कंपनी ब्रांड | 35 |

**प्रेक्षण:** अधिकांश लोगों ने मानक चिह्न, गुणवत्ता, कीमत तथा कंपनी के ब्रांड के आधार पर टूथपेस्ट का चयन किया।

### 10. ***स्वाद एवं प्राथमिकता***

| *ब्रांड* | *संतुष्ट* | *असंतुष्ट* |
|---|---|---|
| एक्वाफ्रेश | 5 | 15 |
| सिबाका | 10 | 5 |
| क्लोज़अप | 15 | 10 |
| कोलगेट | 20 | 10 |
| मेसवाक | 5 | 15 |
| पेप्सोडेंट | 25 | 5 |
| एंकर | 5 | 10 |
| बबूल | 2 | 0 |
| प्रोमिस | 10 | 14 |
| फोरहंस | 0 | 0 |
| टी ट्री ऑयल व नीम | 8 | 10 |
| ओरल बी | 11 | 15 |
| टू डेंट | 10 | 5 |
| सेंसोडाइन | 8 | 3 |
| पर्ल 32 | 4 | 5 |
| होम्योडेंट | 6 | 2 |

**प्रेक्षण:** सर्वाधिक प्रयोग किए जाने वाले टूथपेस्टों में असंतुष्टि का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम था।

### 11. ***संघटकों (सामग्रियों) की प्राथमिकता***


| | |
|---|---|
| सादा टूथपेस्ट | 15 |
| जेल टूथपेस्ट | 5 |
| एंटीसेप्टिक टूथपेस्ट | 35 |
| सुगंधित टूथपेस्ट | 25 |
| अस्थिक्षय (caries)संरक्षक टूथपेस्ट | 40 |
| गम टूथपेस्ट | 10 |

**प्रेक्षण:** अधिकांश लोगों ने अस्थिक्षय संरक्षक तथा एंटीसेप्टिक टूथपेस्ट को अन्य टूथपेस्टों की अपेक्षा अधिक पसंद किया।

© NCERT not to be republished

12. *संचार साधनों का प्रभाव*

| *विज्ञापन* | *प्रभावित परिवार* |
|---|---|
| टेलीविजन | 47 |
| समाचार-पत्र | 30 |
| पत्रिकाएँ | 20 |
| सिनेमा | 25 |
| विक्रय प्रतिनिधि | 15 |
| प्रदर्शनी स्टाल | 10 |
| रेडियो | 18 |




**चित्र 9.7** दंड-*आरेख*

**प्रेक्षण:** अधिसंख्य लोगों को उत्पाद के बारे में टेलीविजन या समाचार-पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली।

## 4. सारांश/परियोजना रिपोर्ट

बहुसंख्य लोग शहरी क्षेत्रों से थे। सर्वेक्षण किए गए अधिकतर लोग 25 वर्ष से 50 वर्ष की आयु-वर्ग से थे तथा उनके परिवार में औसतन 3-6 सदस्य थे। इन परिवारों की मासिक आय 10,000 रु से 30,000 रु के बीच थी और वे मुख्यत: सेवा-वर्ग (नौकरी-पेशा) एवं व्यापारी वर्ग के थे। टूथपेस्ट पर व्यय परिवार के प्रसाधन बजट का प्रमुख अंग था। पारिवारिक सर्वेक्षण में पेप्सोडेंट, कोलगेट तथा क्लोजअप अधिक पसंद किए जाने वाले ब्रांड थे। माध्य के परिकलन द्वारा यह पाया गया कि लगभग 100 ग्राम टूथपेस्ट के पैक की औसत कीमत 29 रु थी। लोगों ने उस ब्रांड के टूथपेस्ट को प्राथमिकता दी, जो अस्थिक्षय संरक्षक या एंटीसेप्टिक थे। अधिकांश लोग विज्ञापनों से प्रभावित हुए थे तथा लोगों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय संचार माध्यम टेलीविजन था।

***पुनरावर्तन***

- अध्ययन के उद्देश्य की पहचान स्पष्ट रूप से की जानी चाहिए।
- जनसंख्या तथा प्रतिदर्श का चुनाव सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए।
- सर्वेक्षण के उद्देश्य से निर्धारित होता है कि किस प्रकार के आँकड़ों का प्रयोग किया जाना चाहिए।
- प्रश्नावली/साक्षात्कार अनुसूची तैयार की जानी चाहिए।
- संगृहीत किए गए आँकड़ों का विश्लेषण विभिन्न सांख्यिकीय विधियों के द्वारा किया जा सकता है।
- परिणामों का निर्वचन सार्थक निष्कर्ष प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

© NCERT not to be republished

## सांख्यिकीय पदों का पारिभाषिक शब्द-संग्रह

**अर्थशास्त्र:** व्यक्ति और समाज अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तथा समाज के विभिन्न व्यक्तियों एवं समूहों में उपभोग हेतु वितरित करने के लिए इसका चुनाव कैसे करे कि वैकल्पिक प्रयोग वाले अल्प संसाधनों का नियोजन विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन में कैसे हो, **अर्थशास्त्र** इसका अध्ययन है।

**अपवर्जी विधि:** प्रेक्षणों के वर्गीकरण की ऐसी विधि, जिसमें किसी वर्ग की ऊपरी वर्ग सीमा के बराबर प्रेक्षण को उस वर्ग में न रखकर अगले वर्ग में रखा जाता है।

**अप्रतिचयन त्रुटि:** यह आँकड़ों के संग्रह में इन कारणों से उत्पन्न होती है: (i) माप में त्रुटियाँ (ii) अभिलेखन की अशुद्धियाँ (iii) अनुत्तर।

**आँकड़े:** किसी विषय पर बेहतर समझ अथवा निर्णय लेने के लिए विशेष सूचना प्राप्त करने के लिए व्यवस्थित क्रमबद्ध संख्याओं का समुच्चय (प्रायः बड़ी संख्या में)।

**उत्पादक:** वह जो बाज़ार के लिए वस्तुओं का विनिर्माण करता है।

**उत्पादन:** वस्तुओं के विनिर्माण की क्रिया।

**उपभोक्ता:** जो अपनी स्वयं की आवश्यकताओं के लिए या अपने परिवार की आवश्यकताओं के लिए या किसी को उपहार देने के लिए वस्तुएँ खरीदता है।

**एक विचर वितरण:** एक चर का बारंबारता वितरण।

**कल्पित माध्य:** परिकलन को सरल बनाने के लिए कोई सन्निकट मान।

**कालानुक्रमिक वर्गीकरण:** समय पर आधारित वर्गीकरण।

**काल श्रेणी:** कालानुक्रमित रूप से व्यवस्थित आँकड़े अथवा दो-चर आँकड़े जिनमें समय एक चर है।

**गुण:** कोई लक्षण जिसकी प्रवृत्ति गुणात्मक है। इसे मापा नहीं जा सकता।

**गणनाकार:** ऐसा व्यक्ति जो आँकड़ों का संग्रह करता है।

**गुणात्मक तथ्य:** गुणों के संबंध में व्यक्त आर्थिक सूचना अथवा आँकड़े।

**गुणात्मक वर्गीकरण:** गुण पर आधारित वर्गीकरण। उदाहरण के लिए लिंग, वैवाहिक स्थिति आदि के अनुसार लोगों का वर्गीकरण।

**चर:** चर एक ऐसी मात्रा है जिसका प्रयोग किसी वस्तु अथवा व्यक्तियों के किसी गुण (जैसे ऊँचाई, भार, संख्या आदि) को मापने के लिए किया जाता है, जिसका मान भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में भिन्न हो सकता है।

**चक्रीयता:** एक से अधिक वर्ष के समय अंतराल के लिए आँकड़ों के विचरण में आवर्तिता।

**जनगणना विधि:** आँकड़ा संग्रह की ऐसी विधि, जिसमें समष्टि के सभी व्यक्तियों से प्रेक्षण लिए जाते हैं।

**दुर्लभता:** इसका अभिप्राय उपलब्धता में कमी से है।

© NCERT not to be republished

**दशमकः** ऐसा विभागकारी मान जो आँकड़ों को दस समान भागों में बाँटता है।

**द्विबहुलकी वितरणः** ऐसा वितरण जिसमें दो बहुलक मान हों।

**द्विचर वितरणः** दो चरों का बारंबारता वितरण।

**देशिक वर्गीकरणः** भौगोलिक स्थिति के आधार पर वर्गीकरण।

**परासः** किसी चर के अधिकतम तथा न्यूनतम मानों में अंतर।

**प्रेक्षणः** अपरिष्कृत आँकड़ों की कोई इकाई।

**नीतिः** किसी आर्थिक समस्या को हल करने का उपाय।

**प्रतिचयन त्रुटिः** यह प्राचल के आकलन तथा यथार्थ मान के बीच संख्यात्मक अंतर है।

**प्रतिदर्श ( सर्वेक्षण विधि ):** ऐसी विधि जिसमें समष्टि से चुने हुए प्रेक्षणों को व्यष्टियों के प्रतिनिधि समुच्चय (प्रतिदर्श) के आधार पर प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

**प्रश्नावलीः** अन्वेषण के विषय पर अन्वेषण द्वारा तैयार किए गए प्रश्नों की सूची। उत्तरदाता को प्रश्नों के उत्तर देने की आवश्यकता होती है।

**बारंबारताः** अपरिष्कृत आँकड़ों में किसी प्रेक्षण का बार-बार आना। किसी बारंबारता वितरण में इसका अभिप्राय है एक वर्ग में प्रेक्षणों की संख्या।

**बारंबारता सरणीः** किसी विविक्त चर का ऐसा वर्गीकरण, जो उनकी संगत बारंबारताओं सहित चर के विभिन्न मानों को दर्शाता है।

**बारंबारता वक्रः** बारंबारता वितरण का एक ऐसा आरेख जिसमें वर्ग चिह्नों के मान X-अक्ष पर तथा वर्ग की बारंबारताओं को Y-अक्ष पर आलेखित किया जाता है।

**बारंबारता वितरणः** मात्रात्मक चर का ऐसा वर्गीकरण, जो यह दर्शाता है कि चर के विभिन्न मान संगत वर्ग की बारंबारताओं सहित विभिन्न वर्गों में कैसे वितरित किए जाते हैं।

**बहुबहुलकी वितरणः** ऐसा वितरण जिसमें दो से अधिक बहुलक होते हैं।

**भारित औसतः** यहाँ आँकड़ों के भिन्न-भिन्न बिंदुओं को भिन्न-भिन्न भार देकर औसत का परिकलन किया जाता है।

**मात्रात्मक तथ्यः** संख्याओं में व्यक्त आर्थिक सूचना अथवा आँकड़े।

**मिलान चिह्न अंकनः** मिलान चिह्नों (/) का प्रयोग करके एक वर्ग में प्रेक्षणों की गिनती करना। मिलान चिह्नों को पाँच-पाँच में समूहीकृत किया जाता है।

**मौसमीपनः** एक वर्ष से कम समयावधि में आकड़ों के विचरण में आवर्तिता।

**यादृच्छिक प्रतिचयनः** यह प्रतिचयन की ऐसी विधि है जिसमें सूचकों के प्रतिनिधि समुच्चय का चयन इस प्रकार किया जाता है कि प्रत्येक व्यष्टि को सूचक के रूप में चुने जाने का समान अवसर दिया जाए।

**राष्ट्रीय आयः** देश में जितना उत्पादन हुआ है, उससे उत्पन्न कुल आय। इसे सकल राष्ट्रीय उत्पाद भी कहते हैं।

© NCERT not to be republished

**वर्ग बारंबारता:** किसी वर्ग में प्रेक्षणों की संख्या।

**वर्ग-अंतराल:** ऊपरी और निम्न वर्ग सीमाओं के बीच का अंतर।

**वर्ग चिह्न:** वर्ग का मध्य-बिंदु।

**वर्ग का मध्य बिंदु:** किसी वर्ग का मध्य मान उस वर्ग के विभिन्न प्रेक्षणों का प्रतिनिधि मान है। यह वर्ग की (ऊपरी सीमा + वर्ग की निम्न सीमा)/2 के बराबर होता है।

**वर्गीकरण:** समान वस्तुओं को समूहों अथवा वर्गों में व्यवस्थित करना।

**विविक्त चर:** ऐसा मात्रात्मक चर जिसमें कुछ निश्चित मान होते हैं। परिमित 'उछालों' द्वारा यह एक मान से दूसरे मान में परिवर्तित हो जाता है। चर में दो आसन्न मानों के बीच मध्यवर्ती मान सम्मिलित नहीं होते।

**वितरण/बंटन:** राष्ट्रीय आय का मजदूरी, लगान, लाभ तथा ब्याज में विभाजन।

**विश्लेषण:** किसी आर्थिक समस्या को समझना एवं विभिन्न कारणों के संदर्भ में उसकी व्याख्या करना।

**विक्रेता:** वह जो लाभ के लिए वस्तुओं का विक्रय करता है।

**संरचित प्रश्नावली:** संरचित प्रश्नावली में परिमितोत्तर प्रश्न होते हैं, जिनके लिए चुनने के लिए वैकल्पिक संभव उत्तर दिए होते हैं।

**स्थिरांक:** स्थिरांक एक मात्रा है जिसका उपयोग किसी गुण के वर्णन करने के लिए किया जाता है। परंतु परिकलन के दौरान यह परिवर्तित नहीं होता।

**समावेशी विधि:** प्रेक्षणों के वर्गीकरण की ऐसी विधि जिसमें वर्ग की ऊपरी वर्ग सीमा के बराबर प्रेक्षणों को उसी वर्ग में रखते हैं।

**समष्टि:** समष्टि का अर्थ है वे सभी व्यष्टि/इकाइयाँ जिनके बारे में सूचना प्राप्त करनी है।

**सूचक:** व्यष्टि/इकाई जिससे इष्ट सूचना प्राप्त की जाती है।

**सेवाधारी:** वह जो किसी कार्य के लिए अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिए कार्य करने के लिए भुगतान प्राप्त करता है।

**सेवा प्रदाता:** वह जो भुगतान लेकर दूसरों को सेवा प्रदान करता है।

**सांख्यिकी:** अर्थपूर्ण निष्कर्ष निकालने के लिए आँकड़ों के संग्रह, संगठन, प्रस्तुतीकरण तथा विश्लेषण करने की विधि। इसका अभिप्राय आँकड़ों से भी है।

**सापेक्ष बारंबारता:** कुल बारंबारता के अनुपात अथवा प्रतिशत के रूप में किसी वर्ग की बारंबारता।

**संतत चर:** ऐसा मात्रात्मक चर जिसका कोई भी संख्यात्मक मान हो सकता है।

**शतमक:** ऐसा मान जो आँकड़ों को सौ बराबर भागों में बाँट देता है, इसलिए आँकड़ों में 99 शतमक होते हैं।

© NCERT not to be republished

**परिशिष्ट ब**

## दो अंकों के बेतरतीब अंक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 03 47 43 73 86 | 36 96 47 36 61 | 46 98 63 71 62 | 33 26 16 80 45 | 60 11 14 10 95 |
| 97 74 24 67 62 | 42 81 14 57 20 | 42 53 32 37 32 | 27 07 36 07 51 | 24 51 79 89 73 |
| 16 76 62 27 66 | 56 50 26 71 07 | 32 90 79 78 53 | 13 55 38 58 59 | 88 97 54 14 10 |
| 12 56 85 99 26 | 96 96 68 27 31 | 05 03 72 93 15 | 57 12 10 14 21 | 88 26 49 81 76 |
| 55 59 56 35 64 | 38 54 82 46 22 | 31 62 43 09 90 | 06 18 44 32 53 | 23 83 01 30 30 |
| 16 22 77 94 39 | 49 54 43 54 82 | 17 37 93 23 78 | 87 35 20 96 43 | 84 26 34 91 64 |
| 84 42 17 53 31 | 57 24 55 06 88 | 77 04 74 47 67 | 21 76 33 50 25 | 83 92 12 06 76 |
| 63 01 63 78 59 | 16 95 55 67 19 | 98 10 50 71 75 | 12 86 73 58 07 | 44 39 52 38 79 |
| 33 21 12 34 29 | 78 64 56 07 82 | 52 42 07 44 38 | 15 51 00 13 42 | 99 66 02 79 54 |
| 57 60 86 32 44 | 09 47 27 96 54 | 49 17 46 09 62 | 90 52 84 77 27 | 08 02 73 43 28 |
| 18 18 07 92 46 | 44 17 16 58 09 | 79 83 86 19 62 | 06 76 50 03 10 | 55 23 64 05 05 |
| 26 62 38 97 75 | 84 16 07 44 99 | 83 11 46 32 24 | 20 14 85 88 45 | 10 93 72 88 71 |
| 23 42 40 64 74 | 82 97 77 77 81 | 07 45 32 14 08 | 32 98 94 07 72 | 93 85 79 10 75 |
| 52 36 28 19 95 | 50 92 26 11 97 | 00 56 76 31 38 | 80 22 02 53 53 | 86 60 42 04 53 |
| 37 85 94 35 12 | 83 39 50 08 30 | 42 34 07 96 88 | 54 42 06 87 98 | 35 85 29 48 39 |
| 70 29 17 12 13 | 40 33 20 38 26 | 13 89 51 03 74 | 17 76 37 13 04 | 07 74 21 19 30 |
| 56 62 18 37 35 | 96 83 50 87 75 | 97 12 25 93 47 | 70 33 24 03 54 | 97 77 46 44 80 |
| 99 49 57 22 77 | 88 42 95 45 72 | 16 64 36 16 00 | 04 43 18 66 79 | 94 77 24 21 90 |
| 16 08 15 04 72 | 33 27 14 34 09 | 45 59 34 68 49 | 12 72 07 34 45 | 99 27 72 95 14 |
| 31 16 93 32 43 | 50 27 89 87 19 | 20 15 37 00 49 | 52 85 66 60 44 | 38 68 88 11 80 |
| 68 34 30 13 70 | 55 74 30 77 40 | 44 22 78 84 26 | 04 33 46 09 52 | 68 07 97 06 57 |
| 74 57 25 65 76 | 59 29 97 68 60 | 71 91 38 67 54 | 13 58 18 24 76 | 15 54 55 95 52 |
| 27 42 37 86 53 | 48 55 90 65 72 | 96 57 69 36 10 | 96 46 92 42 45 | 97 60 49 04 91 |
| 00 39 68 29 61 | 66 37 32 20 30 | 77 84 57 03 29 | 10 45 65 04 26 | 11 04 96 67 24 |
| 29 94 98 94 24 | 68 49 69 10 82 | 53 75 91 93 30 | 34 25 20 57 27 | 40 48 73 51 92 |
| 16 90 82 66 59 | 83 62 64 11 12 | 67 19 00 71 74 | 60 47 21 29 68 | 02 02 37 03 31 |
| 11 27 94 75 06 | 06 09 19 74 66 | 02 94 37 34 02 | 76 70 90 30 86 | 38 45 94 30 38 |
| 35 24 10 16 20 | 33 32 51 26 38 | 79 78 45 04 91 | 16 92 53 56 16 | 02 75 50 95 98 |
| 38 23 16 86 38 | 42 38 97 01 50 | 87 75 66 81 41 | 40 01 74 91 62 | 48 51 84 08 32 |
| 31 96 25 91 47 | 96 44 33 49 13 | 34 86 82 53 91 | 00 52 43 48 85 | 27 55 26 89 62 |
| 66 67 40 67 14 | 64 05 71 95 86 | 11 05 65 09 68 | 76 83 20 37 90 | 57 16 00 11 66 |
| 14 90 84 45 11 | 75 73 88 05 90 | 52 27 41 14 86 | 22 98 12 22 08 | 07 52 74 95 80 |
| 68 05 51 18 00 | 33 96 02 75 19 | 07 60 62 93 55 | 59 33 82 43 90 | 49 37 38 44 59 |
| 20 46 78 73 90 | 97 51 40 14 02 | 04 02 33 31 08 | 39 54 16 49 36 | 47 95 93 13 30 |
| 64 19 58 97 79 | 15 06 15 93 20 | 01 90 10 75 06 | 40 78 78 89 62 | 02 67 74 17 33 |
| 05 26 93 70 60 | 22 35 85 15 13 | 92 03 51 59 77 | 59 56 78 06 83 | 52 91 05 70 74 |
| 07 97 10 88 23 | 09 98 42 99 64 | 61 71 62 99 15 | 06 51 29 16 93 | 58 05 77 09 51 |
| 68 71 86 85 85 | 54 87 66 47 54 | 73 32 08 11 12 | 44 95 92 63 16 | 29 56 24 29 48 |
| 26 99 61 65 53 | 58 37 78 80 70 | 42 10 50 67 42 | 32 17 55 85 74 | 94 44 67 16 94 |
| 14 65 52 68 75 | 87 59 36 22 41 | 26 78 63 06 55 | 13 08 27 01 50 | 15 29 39 39 43 |

© NCERT not to be republished

**परिशिष्ट ब (क्रमशः)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17 53 77 58 71 | 71 41 61 50 72 | 12 41 94 96 26 | 44 95 27 36 99 | 02 96 74 30 83 |
| 90 26 59 21 19 | 23 52 23 33 12 | 96 93 02 18 39 | 07 02 18 36 07 | 25 99 32 70 23 |
| 41 23 52 55 99 | 31 04 49 69 96 | 10 47 48 45 88 | 13 41 43 89 20 | 97 17 14 49 17 |
| 60 20 50 81 69 | 31 99 73 68 68 | 35 81 33 03 76 | 24 30 12 48 60 | 18 99 10 72 34 |
| 91 25 38 05 90 | 94 58 28 41 36 | 45 37 59 03 09 | 90 35 57 29 12 | 82 62 54 65 60 |
| 34 50 57 74 37 | 98 80 33 00 91 | 09 77 93 19 82 | 74 94 80 04 04 | 45 07 31 66 49 |
| 85 22 04 39 43 | 73 81 53 94 79 | 33 62 46 86 28 | 08 31 54 46 31 | 53 94 13 38 47 |
| 09 79 13 77 48 | 73 82 97 22 21 | 05 03 27 24 83 | 72 89 44 05 60 | 35 80 39 94 88 |
| 88 75 80 18 14 | 22 95 75 42 49 | 39 32 82 22 49 | 02 48 07 70 37 | 16 04 61 67 87 |
| 90 96 23 70 00 | 39 00 03 06 90 | 55 85 78 38 36 | 94 37 30 69 32 | 90 89 00 76 33 |
| 53 74 23 99 67 | 61 32 28 69 84 | 94 62 67 86 24 | 98 33 41 19 95 | 47 53 53 38 09 |
| 63 38 06 86 54 | 99 00 65 26 94 | 02 82 90 23 07 | 79 62 67 80 60 | 75 91 12 81 19 |
| 35 30 58 21 46 | 06 72 17 10 94 | 25 21 31 75 96 | 49 28 24 00 49 | 55 65 79 78 07 |
| 63 43 36 82 69 | 65 51 18 37 88 | 61 38 44 12 45 | 32 92 85 88 65 | 54 34 81 85 35 |
| 98 25 37 55 26 | 01 91 82 81 46 | 74 71 12 94 97 | 24 02 71 37 07 | 03 92 18 66 75 |
| 02 63 21 17 69 | 71 50 80 89 56 | 38 15 70 11 48 | 43 40 45 86 98 | 00 83 26 91 03 |
| 64 55 22 21 82 | 48 22 28 06 00 | 61 54 13 43 91 | 82 78 12 23 29 | 06 66 24 12 27 |
| 85 07 26 13 89 | 01 10 07 82 04 | 59 63 69 36 03 | 69 11 15 83 80 | 13 29 54 19 28 |
| 58 54 16 24 15 | 51 54 44 82 00 | 62 61 65 04 69 | 38 18 65 18 97 | 85 72 13 49 21 |
| 34 85 27 84 87 | 61 48 64 56 26 | 90 18 48 13 26 | 37 70 15 42 57 | 65 65 80 39 07 |
| 03 92 18 27 46 | 57 99 16 96 56 | 30 33 72 85 22 | 84 64 38 56 98 | 99 01 30 98 64 |
| 62 95 30 27 59 | 37 75 41 66 48 | 86 97 80 61 45 | 23 53 04 01 63 | 45 76 08 64 27 |
| 08 45 93 15 22 | 60 21 75 46 91 | 98 77 27 85 42 | 28 88 61 08 84 | 69 62 03 42 73 |
| 07 08 55 18 40 | 45 44 75 13 90 | 24 94 96 61 02 | 57 55 66 83 15 | 73 42 37 11 61 |
| 01 85 89 95 66 | 51 10 19 34 88 | 15 84 97 19 75 | 12 76 39 43 78 | 64 63 91 08 25 |
| 72 84 71 14 35 | 19 11 58 49 26 | 50 11 17 17 76 | 86 31 57 20 18 | 95 60 78 46 75 |
| 88 78 28 16 84 | 13 52 53 94 53 | 75 45 69 30 96 | 73 89 65 70 31 | 99 17 43 48 76 |
| 45 17 75 65 57 | 28 40 19 72 12 | 25 12 74 75 67 | 60 40 60 81 19 | 24 62 01 61 16 |
| 96 76 28 12 54 | 22 01 11 94 25 | 71 96 16 16 88 | 68 64 36 74 45 | 19 59 50 88 92 |
| 43 31 67 72 30 | 24 02 94 08 63 | 38 32 36 66 02 | 69 36 38 25 39 | 48 03 45 15 22 |
| 50 44 66 44 21 | 66 06 58 05 62 | 68 15 54 35 02 | 42 35 48 96 32 | 14 52 41 52 48 |
| 22 66 22 15 86 | 26 63 75 41 99 | 58 42 36 72 24 | 58 37 52 18 51 | 03 37 18 39 11 |
| 96 24 40 14 51 | 23 22 30 88 57 | 95 67 47 29 83 | 94 69 40 06 07 | 18 16 36 78 86 |
| 31 73 91 61 19 | 60 20 72 93 48 | 98 57 07 23 69 | 65 95 39 69 58 | 56 80 30 19 44 |
| 78 60 73 99 84 | 43 89 94 36 45 | 56 69 47 07 41 | 90 22 91 07 12 | 78 35 34 08 72 |
| 84 37 90 61 56 | 70 10 23 98 05 | 85 11 34 76 60 | 76 48 45 34 60 | 01 64 18 39 96 |
| 36 67 10 08 23 | 98 93 35 08 86 | 99 29 76 29 81 | 33 34 91 58 93 | 63 14 52 32 52 |
| 07 28 59 07 48 | 89 64 58 89 75 | 83 85 62 27 89 | 30 14 78 56 27 | 86 63 59 80 02 |
| 10 15 83 87 60 | 79 24 31 66 56 | 21 48 24 06 93 | 91 98 94 05 49 | 01 47 59 38 00 |
| 55 19 68 97 65 | 03 73 52 16 56 | 00 53 55 90 27 | 33 42 29 38 87 | 22 13 88 83 34 |
| 53 81 29 13 39 | 35 01 20 71 34 | 62 33 74 82 14 | 53 73 19 09 03 | 56 54 29 56 93 |
| 51 86 32 68 92 | 33 98 74 66 99 | 40 14 71 94 58 | 45 94 19 38 81 | 14 44 99 81 07 |
| 35 91 70 29 13 | 80 03 54 07 27 | 96 94 78 32 66 | 50 95 52 74 33 | 13 80 55 62 54 |
| 37 71 67 95 13 | 20 02 44 95 94 | 64 85 04 05 72 | 01 32 90 76 14 | 53 89 74 60 41 |
| 93 66 13 83 27 | 92 79 64 64 72 | 28 54 96 53 84 | 48 14 52 98 94 | 56 07 93 89 30 |

© NCERT not to be republished

## सांख्यिकी: इनके विचार से

☞ सांख्यिकी सामान्य बुद्धि का स्थानापन्न नहीं हैं!

***हेनरी क्ले***

☞ मुझे औसतों पर विश्वास नहीं, मैं व्यक्तिगत उदाहरणों को पसंद करता हूँ। किसी व्यक्ति को एक दिन में छः बार खाना मिले और दूसरे दिन एक बार भी नहीं। इस प्रकार उसे प्रतिदिन औसत रूप से तीन बार भोजन तो मिला, परन्तु जीने का आदर्श तरीका यह नहीं!

***लुई डी. ब्रांडीस***

☞ मौसम विभाग कभी गलत नहीं होता। मान लें, वहाँ से सूचना मिलती है कि वर्षा की 80 प्रतिशत संभावना है। यदि वर्षा होती है तो 80 प्रतिशत भविष्यवाणी सच होती है, यदि नहीं तो 20 प्रतिशत भविष्यवाणी!

***सौल बैरॉन***

☞ किसी व्यक्ति की मृत्यु एक दुःखद घटना है, जबकि एक लाख व्यक्तियों की मृत्यु आँकड़े हैं!

***जोसेफ स्टालिन***

☞ किसी डॉक्टर को सांख्यिकीविद् की तुलना में अधिक सम्मान क्यों मिलता है? इसलिए कि डॉक्टर किसी जटिल बीमारी का विश्लेषण करते हैं, जबकि सांख्यिकीविद् विश्लेषण को जटिल बना आपको बीमार कर दते हैं!

***गैरी सी. रामसेयर***

© NCERT not to be republished